

# 14 आते पक्षी जाते पक्षी








ये एक अच्छा मौका हो सकता है बच्चों को प्रवासी पक्षियों के बारे में बताने का, जो दूर-दराज के इलाकों से आते हैं। वे किस पैटर्न पर उड़ते हैं, उसे पहचानने के लिए बच्चों को प्रेरित करें।

25 पक्षी और आ गए। अब कुल कितने पक्षी हैं, इसे जानने के लिए 25 और 16 को जोड़ते हैं। 25+16 के लिए हम लिखते हैं –




इसलिए पक्षियों की कुल संख्या 41 है।


पाठ 8 में बच्चों ने टोकन कार्ड बनाए होंगे। उन्हीं टोकन कार्ड का इस्तेमाल लिखित रूप में हिसाब करने के पहले कीजिए।

## कितने सारस और हंस हैं?




इसी तरह हम सारस और हंसों की कुल संख्या को गिनेंगे।

| | 10 | 1 | | |
|---|---|---|---|---|
| हंसों की संख्या | 3 | 9 | 10 10 10 | 1 1 1 1 1 1 1 1 1 |
| सारसों की संख्या + | 3 | 1 | 10 10 10 | 1 |
| | | | | |




सारसों तथा हंसों की कुल संख्या ____________ है।



एक दिन सुबह सूरज ने देखा कि 70 पक्षियों में से केवल 26 पक्षी ही बचे हैं बाकी पक्षी चले गए।

✤ कितने पक्षी चले गए?

10   1

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 7 | 0 | 10 10 10 10 10 10 10 |
| – | 2 | 6 | 10 10   1 1 1 1 1 1 |
| | | | |

______________ पक्षी चले गए।



## *अभ्यास का समय*

✤ एक क्रिकेट मैच में राहुल ने 23 रन और धोनी ने 69 रन बनाए। कुल मिलाकर कितने रन बनाए गए?




| | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | 2 | 3 |
| + | 6 | 9 |
| | | |

कुल ____________ रन बनाए गए।

✤ एक मेले में देमा ने 48 शॉल बेचे। अगले दिन उसने 17 शॉल और बेचे। कुल मिलाकर उसने कितने शॉल बेचे?

| | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | | |
| ☐ | | |
| | | |

देमा ने कुल ____________ शॉल बेचे।

✤ बुन्नू खरगोश एक सप्ताह में 29 गाजर खाता है। उसका दोस्त मुन्नू खरगोश सप्ताह में 42 गाजर खाता है। कौन ज़्यादा गाजर खाता है और कितनी?



| | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | | |
| ☐ | | |
| | | |

________ खरगोश ________ गाजर ज़्यादा खाता है।

✤ नेहा 29 साल की है। उसकी माँ 58 साल की है। नेहा की माँ कितनी बड़ी है?

| | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | | |
| ☐ | | |
| | | |

माँ, नेहा से ____________ साल बड़ी हैं।



## हल निकालो

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 4 | | 3 | 2 | | 6 | 8 | | 1 | 9 |
| + | 1 | 7 | − | 2 | 7 | + | 1 | 3 | + | 3 | 9 |
| | | | | | | | | | | | |


| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | | 7 | 3 | | 8 | 0 | | 4 | 3 |
| + | 4 | 3 | − | 5 | 9 | − | 6 | 7 | − | 2 | 7 |
| | | | | | | | | | | | |


| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 9 | | 4 | 8 | | 9 | 4 | | 7 | 6 |
| − | 2 | 5 | + | 3 | 8 | − | 8 | 7 | − | 2 | 8 |
| | | | | | | | | | | | |

अभ्यास के लिए इसी तरह के अन्य उदाहरण दिए जा सकते हैं।

# सही बस में बैठो

हर कार्ड पर हल करके बस का नंबर पता लगाओ। कार्ड को बस के नंबर से मिलाओ और पता लगाओ कौन किस बस में बैठेगा।






| |
|---|
| − |
| 49 |

| |
|---|
| + |
| 75 |

| |
|---|
| + |
| 67 |

| |
|---|
| + |
| 67 |

| |
|---|
| + |
| 75 |


| |
|---|
| − |
| 49 |

इस प्रकार के और अभ्यास बच्चों द्वारा करवाए जा सकते हैं। ताकि बच्चे यह समझ सकें कि किस प्रकार दो अलग-अलग युग्मों को जोड़ने से एक संख्या बन सकती है।

## काटम-काट




अभिभावक बच्चों को यह खेल खेलने में सहायता करें। उन्हें 10-50 के बीच की संख्याएँ खानों में लिखने को कहें। फिर जोड़ के सवाल जैसे 18+4 बोले। धीरे-धीरे बड़ी जोड़ करवाएँ। वे बच्चों से संख्याओं को बुलवा भी सकते हैं और खुद संख्या काट सकते हैं। बाद में इसी तरह के खेल घटाने के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं।




अब आप रज़िया के लिए इस खेल को खत्म कीजिए। अपने टीचर या दोस्त से 2 संख्याएँ बोलने को कहो, जिन्हें जोड़ा जा सके।

## चकाचक टोली



**चकाचक** शब्द का मतलब है – साफ़ और चमकता हुआ। **चकाचक टोली** बच्चों के समूह का नाम है जो अपने पार्क को साफ़ करने के लिए काम करते हैं।

श्रेया पैसे जमा करती है और अपनी डायरी में लिखती है। श्रेया की मदद इस बात का पता लगाने में करो कि महीने के अंत में उसके पास कितना पैसा बचा।

## डायरी

### अक्तूबर

अक्तूबर 3 — 60 रुपये जमा हुए

अक्तूबर 7 — 18 रुपये की  झाड़ू खरीदी

अक्तूबर 12 — 25 रुपये में  फिनाइल की बोतल खरीदी

अक्तूबर 25 — 27 रुपये बनाए गए कार्ड बेचकर जमा हुए

कुल जमा किए — ____________ रुपये

कुल खर्च किए — ____________ रुपये

अक्तूबर के अंत में कुल बचे — ____________ रुपये

**चकाचक टोली** के बच्चों ने पार्क में पेड़ों की संख्या गिनी।

| पेड़ | संख्या |
|---|---|
|  | 90 |
|  | 75 |
|  | 82 |
|  | 68 |
|  | 94 |

-  पेड़  से ज़्यादा हैं।

  ये पेड़ कितने ज़्यादा हैं? ____________

- उस पेड़ का चित्र बनाओ जिनकी संख्या सबसे कम है।

- उस पेड़ का चित्र बनाओ जिसकी संख्या सबसे ज़्यादा है।

- बच्चों ने  पेड़ की संख्या 100 करने के लिए कुछ और पेड़ लगाए। बताओ कि उन्होंने कितने पेड़ और लगाए? ____________